

श्री अजय कुमार दत्त

Shri Ajoy Kumar Dutta



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री अजय कुमार दत्त

श्री अजय कुमार दत्त, सोसायटी एवं मातृभूमि की सेवा के लिए समर्पित एक पूर्णकालिक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। सामान्य रूप से पददलित एवं अशिक्षित तथा विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के गरीब तबके के लोगों के विरूद्ध अन्याय एवं दमन के खिलाफ आप एक जानी–मानी आवाज हैं।

2. आपका जन्म 01 दिसम्बर, 1940 को गुवाहाटी के एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। आप भू–विज्ञान में अपनी एम एस सी की पढ़ाई के लिए गुवाहाटी विश्वविद्यालय गए। आप अपने माध्यमिक शिक्षा के दिनों से ही कई एक सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों से गहराई से जुड़े रहे। वर्ष 1962 में, आपने युवाओं के एक समूह का नेतृत्व किया था, जिन्होंने चीनी आक्रमण के दौरान भारतीय सेना को अविश्वसनीय सेवा प्रदान की थी, जिसकी जनरल मानेक्शा तक ने सराहना की थी। वर्ष 1964 में, आपने एक राजपत्रित अधिकारी के रूप में राज्य के लोक निर्माण विभाग में कार्य ग्रहण किया लेकिन जल्दी ही, भ्रष्टाचार एवं घूसखोरी के खिलाफ विरोध स्वरूप त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद आप एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण के साथ ट्रेड यूनियन आंदोलन में कूद पड़े और अपने आप को नृजातीय हिंसा के पीड़ितों, बंधुआ मजदूरों तथा बाढ़ से प्रभावित लोगों के बीच सामाजिक कार्य करने हेतु समर्पित कर दिया। वर्ष 1971 के बंगलादेश मुक्ति संग्राम में, आपने भारतीय सेना एवं मुक्ति वाहिनी (पूर्वी पाकिस्तान) की कई तरह से सहायता की। इसी अवधि के दौरान आपने एक अल्प वेतन भोगी पत्रकार के रूप में भी कार्य किया।

3. वर्ष 1974 में आप एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में प्रथम गुवाहाटी नगर निगम निकाय के लिए चुने गए। उसी वर्ष आपने भ्रष्टाचार के विरूद्ध जय प्रकाश आंदोलन में भाग लिया और अखिल भारतीय रेलवे हड़ताल के अग्रणी लोगों में शामिल हुए। आपातकाल के दौरान आपने भूमिगत रहकर सक्रियतापूर्वक कार्य किया, यद्यपि आपके ऊपर 'मीसा' तथा 'डी आई आर' आरोपित किए गए थे। आपातकाल के बाद, वर्ष 1978 में आप असम की प्रतिष्ठित पूर्वी गुवाहाटी विधानसभा क्षेत्र से एम एल ए के रूप में चुने गए। वर्ष 1983 से असम की अशांत परिस्थिति ने आपको पूर्णकालिक सामाजिक कार्यकर्ता बनने के लिए बाध्य कर दिया। आप रेडक्रास, रक्तदान तथा सहकारी आंदोलन जैसे सामाजिक कार्यों से जुड़ गए। स्वामी विवेकानन्द एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के विचारों से प्रेरित होकर आपने राष्ट्र के कार्यों के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता दर्शायी। वर्ष 1991 में, जापान के आमंत्रण कार्यक्रम में आपने भारतीय ट्रेड यूनियन प्रतिनधि मंडल का नेतृत्व किया।

4. सामाजिक गतिविधियों के अपने लम्बे कार्यकाल में आप विभिन्न पदों जैसे – अध्यक्ष, होलसेल कंज्यूमर्स कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड (1978–83), निदेशक, नेशनल कंज्यूमर कोआपरेटिव फेडरेशन (1980–82) निदेशक, औद्योगिक कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड (2013), अध्यक्ष, हिन्द मजदूर सभा, आसाम (2006–), एथिक्स कमेटी, श्रीमंत शंकरदेव नेत्रालयय सदस्य, प्रबंधन समिति, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, आसामय सलाहकार, राज्य स्वैच्छिक रक्त दाता एसोसिएशनय इंचार्ज, राहत, अनाथालय एवं युवा रेड क्रॉस, आसामय ट्रेजरॉर, चिल्ड्रेन होम एंड शिशुग्राम (अनाथालय परियोजनाएं), संयुक्त महासचिव, राज्य बाढ़ राहत कमेटी एवं विवेकानन्द केन्द्र की गतिविधियों पर कार्य किया और वर्तमान में भी कर रहे हैं। आप मोनो विकास केन्द्र तथा ब्रह्म समाज, गुवाहाटी के ट्रस्टी सदस्य हैं। आप ई एस आई कार्पोरेशन, ई पी एफ संगठन, ई एस आई क्षेत्रीय अस्पताल विकास समिति तथा असम सरकार की राज्य समितियों, स्वास्थ्य, पुलिस एवं श्रम विभागों सहित कई एक केन्द्र सरकार की समितियों के सलाहकार बोर्डों और परिषदों के सदस्य भी हैं। आप गुवाहाटी स्थित सरकार द्वारा सहायता प्राप्त तीन हायर सकेण्डरी स्कूलों के अध्यक्ष भी हैं।

5. आप रक्त–दान आंदोलन के लिए असम सरकार द्वारा (2005 में) 'लाइफटाइम अचीवमेंट ॲवार्ड' प्राप्त करने वाले पहले पुरस्कार विजेता हैं।

Shri Ajoy Kumar Dutta

Shri Ajoy Kumar Dutta is a whole time social worker, dedicated to the service of the society and motherland. He is known as a voice of the people against injustice, and oppression against the downtrodden and ignorant people in general, and the poor working class of unorganized sector, in particular.

2. Born on December 1 , 1940 in a middle class family of Guwahati, Shri Dutta went on to complete his MSc in Geology from Gauhati University. He was deeply involved with several social and national issues right from his intermediate days. In 1962, he led a group of young men , who delivered incredible service to the Indian Army during Chinese Aggression, which was appreciated even by Gen. Manekshaw. In 1964 he joined state PWD as a gazetted officer, but soon resigned as a protest against corruption and bribery. He then plunged into the trade union movement with a nationalist outlook and devoted himself to social work amongst sufferers of ethnic violence, bonded labourers, flood affected people, etc. In the Bangladesh Liberation war of 1971, he helped the Indian army & Mukti Bahini (East Pakistan) in various ways. During this time he also worked as a meagerly paid journalis.

3. Shri Dutta was elected to the first Guwahati Municipal Corporation body, as an independent candidate in 1974. In the same year, he also joined the JP Movement against corruption and was one of the frontliners in the All India Railway Strike. During the Emergency, he actively worked underground, though MISA & DIR both were imposed on him. After the emergency ,he was elected as an MLA, from the prestigious East Guwahati Constituency of Assam in 1978. Since 1983, the unrest situation in Assam compelled him to be a whole time social worker. He joined social causes like the Red Cross, Blood Donation and Cooperative Movement. Inspired by the ideals of Swami Vivekananda and Netaji Subhash Chandra Bose, he has shown an abiding commitment to the cause of the nation. He led the Indian Trade Union Delegation on invitation program to Japan in 1991.

4. Shri Dutta, in his long tenure of social activity, has and is currently serving in various posts like, Chairman, Wholesale Consumer's Co-op. Society Ltd. (1978-83); Director, National Consumer Co-op. Federetion (1980-82); Director, Industrial Co-op. Bank Ltd. (2013-); President, Hind Mazdoor Sabha, Assam (2006-); Ethics Committee, Srimanta Shankardev Netralaya; Member, Managing Committee, Indian Red Cross Society, Assam; Advisor, State Voluntary Blood Donors Association; In-charge, Relief, Orphanage & Youth Red Cross, Assam; Treasurer, Children Home and Shishugram (Orphanage Projects); Joint Gen. Secy., State Flood Relief Committee and Vivekananda Kendra activities. He is the trustee member of Mono Vikash Kendra and Brahmo Samaj, Guwahati. He is also a member of advisory boards and councils of several central govt. committees including ESI Corp., EPF Org., ESI Regional Hospital Development Committee, and State Committees of Govt. of Assam: Dept. of Health, Police and Labor. He is also a president of three Govt. aided Higher Secondary schools of Guwahati.

5. Shri Dutta is the first awardee of the 'Lifetime Achievement Award' in Blood Donation Movement, by the Govt. of Assam (2005).